**श्री राजेश कुमार, भा0प्र0से0, आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया की अध्यक्षता में दिनांक–27.03.2025 को आयोजित पूर्णिया प्रमंडलान्तर्गत जिलों में अग्निशमन कार्यों की समीक्षा हेतु समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :–**

**उपस्थिति :–पंजी के अनुसार**

सर्वप्रथम प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। तदोपरांत बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गयी। जिला अग्निशमन पदाधिकारी, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज द्वारा बताया गया कि मुख्यालय से सभी कार्य कराने हेतु आवंटन प्राप्त है। सभी अग्निशमन वाहन चालू स्थिति में है। सभी वाहन के लिए चालक उपलब्ध है। सभी थाना स्तर पर अग्निशमन वाहन मौजूद रहता है। अग्निकांड होने पर शीघ्र कार्रवाई की जाती है।

**समीक्षोपरांत बैठक में निम्न निदेश दिये गयेः–**

- चारों जिला के सभी अनुमंडलों में अग्निशामालय कार्यरत है अथवा बन रहा है। सिर्फ मनिहारी में अभी तक जमीन उपलब्ध नहीं कराया गया है। अतः समाहर्त्ता, कटिहार जमीन की उपलब्धता हेतु शीघ्र कार्रवाई करेंगे।
- आकस्मिक स्थिति में अग्निशमन वाहनों को सतर्क मोड पर चलायमान रखा जाय, किसी भी तकनीकी खराबी का पूर्व में ठीक करा लिया जाय तथा अग्निकांड से निपटने के लिए जिला आपातकालीन नियंत्रण कक्ष स्थापित कर लिया जाय। साथ ही Control Room का दूरभाष नं0 सभी दैनिक अखबारों/सोशल मीडिया में प्रचारित किया जाय।
- अग्निकांड से निपटने के संबंध में आपदा प्रबंधन विभाग से जारी सभी पत्रों/दिशा–निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।
- अग्नि निरोध के संबंध में जन जागरूकता फैलाने हेतु Mock-Drill का आयोजन सघनतापूर्वक एवं नियमित रूप से किया जाय।

**अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।**

R

**आयुक्त,**
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

ज्ञापांक 1590 दिनांक 02/4/25

प्रतिलिपिः– जिला अग्निशमन पदाधिकारी, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– जिला पदाधिकारी, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

R

**आयुक्त,**
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

ज्ञापांक 1590 दिनांक 02-04-25

प्रतिलिपिः– महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा, बिहार गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएँ, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ।

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ।

Raj K.
01/4/25.

**आयुक्त,**
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

o/c